AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

कैंपस — फिजिक्स विषय के अर्ह छात्र 22 को दे सकते हैं साक्षात्कार

लविवि : पीएचडी के छूटे छात्रों को मिला एक और मौका

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के फिजिक्स विषय में पीएचडी प्रवेश से जो छात्र छूट गए थे, उनको एक और मौक दिया गया है। पार्टटाइम व फुलटाइम दोनों तरह की पीएचडी के जो छात्र किन्हीं कारणों से साक्षात्कार नहीं दे पाए, वे अब 22 अक्तूबर को साक्षात्कार दे सकते हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि इस आखिरी मौके में उन्हीं छात्रों को अवसर दिया जाएगा जो अर्ह सूची में थे और किन्हीं कारणों से छूट गए थे। साक्षात्कार सुबह 10 बजे से भौतिक विज्ञान विभाग में होगा।

कई यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों का सीट अलॉटमेंट जारी : लविवि ने पीजी प्रवेश 2022-23 के अंतर्गत एमएससी एनवायरमेंटल साइंस, एमएससी मॉलिक्युलर ह्यूमन जेनेटिक्स और एमलिबआईएससी का सीट अलॉटमेंट परिणाम वेबसाइट पर जारी कर दिया है। छात्र अपनी लॉगइन आइडी का प्रयोग कर रिजल्ट देख सकते हैं। प्रवेश समन्वयक ने बताया कि जिनको सीट अलॉट हो गई है वे 22 अक्तूबर तक फीस जमा कर सकते हैं। वहीं, मास्टर इन पब्लिक हेल्थ, मास्टर इन पब्लिक हेल्थ कम्यूनिटी मेडिसिन, मास्टर इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन विषय का दूसरा सीट अलॉटमेंट जारी कर दिया गया है। विवि की वेबसाइट पर पीजी एडमिशन पेज पर छात्र अपनी लॉगइन आईडी से इसे देख सकते हैं और 22 तक फीस जमा कर सीट कन्फर्म कर सकते हैं। इसके अलावा स्नातक प्रवेश 2022-23 के अंतर्गत बीए एनईपी, बीएससी बायोलॉजी, बीएससी मैथ्स विषयों का दूसरा च्वाइस फिलिंग परिणाम भी बुधवार को जारी कर दिया गया। उपलब्ध सीटों के सापेक्ष छात्रों की मेरिट व च्वाइस के आधार पर परिणाम जारी किया गया है। इन विषयों में भी सीट पक्का करने के लिए छात्र 22 तक फीस जमा कर सकते हैं।

21 और 22 को प्रमाणपत्रों का सत्यापन

लविवि के कंप्यूटर विज्ञान में प्रवेश लेने वाले छात्रों के प्रमाणपत्रों का सत्यापन 21 और 22 अक्तूबर को सुबह बजे से विभाग में होगा। छात्रों को निर्देश है कि वे शैक्षिक योग्यता से संबंधित सभी मूल अंकपत्रों, प्रमाणपत्रों, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र के साथ एक-एक सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित हों। प्रवेश की अंतिम प्रक्रिया के तहत प्रमाण पत्रों का सत्यापन अनिवार्य है।

पीजी के 11 और विषयों का सीट अलॉटमेंट जारी

लखनऊ। लविवि ने पीजी प्रवेश के अंतर्गत बुधवार को पीजी के 11 और विषयों की दूसरी सीट अलॉटमेंट रिजल्ट जारी कर दिया। छात्र विवि की वेबसाइट के पीजी एडमिशन पेज पर अपनी लॉगइन आईडी के माध्यम से इसे देख सकते हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि छात्रों को सीट कन्फर्म करने के लिए 22 तक फीस जमा करनी होगी। सीट अलाटमेंट एमए जियोग्राफी, हिंदी, मेडिवल एंड एमआईएच, पॉलिटिकल साइंस, एमएसी एप्लाइड जियोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, जियोलॉजी, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेकभनोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री और एमकॉम एप्लाइड इकोनॉमिक्स का जारी हुआ है। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : आठ छात्रों का प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के आठ छात्रों का प्लेसमेंट एयरडिट सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित ड्राइव में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के तीन छात्र प्रशांत कुमार सिंह, सचिन कुमार व साक्षी प्रजापति, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की साक्षी वर्मा, बीसीए के नितेश कुमार झा, नितेश यादव, आकर्षी रोहतगी और एमबीए के आकाश अग्रवाल का चयन सॉफ्टवेयर इंजीनियर ट्रेनी पद पर हुआ है। छात्रों को अधिकतम पांच लाख रुपये सालाना का पैकेज मिला है। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू बच्चों को एक दिन के लिए वैज्ञानिक बनाएगा

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय सरकारी और केन्द्रीय विद्यालयों के कक्षा छह से 12 के तक बच्चों को एक दिन का वैज्ञानिक बनाएगा। औषधि एवं वैक्सीन के क्षेत्र में रुचि रखने वाले 200 छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल की प्रयोगशालाओं का उपयोग करने भी मौका मिलेगा। एलयू के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज और उत्तर प्रदेश कौंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की ओर से पांच नवम्बर को वन डे साइंटिस्ट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत स्कूली छात्रों को एक दिन के लिए वैज्ञानिक बनाया जाएगा।

05 नवम्बर को होगा वन डे साइंटिस्ट कार्यक्रम

एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के अंदर छुपी वैज्ञानिक प्रतिभा को निखारने के प्रयास के साथ-साथ कोविड जैसी महामारी से देश को लड़ने के लिए तैयार करना भी है।

छात्रों के बीच सीएसआईआर-सीडीआरआई के पूर्व निदेशक एवं सीबीएमआर के निदेशक डॉ आलोक धवन मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। काउंसिल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर जनरल आलोक कुमार, सचिव प्रकाश बिंदु, डायरेक्टर अनिल यादव भी शामिल होंगे।

विश्वविद्यालय योजनाओं का मूल्यांकन करें

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में एक दिवसीय विकास यात्रा कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत सरकार की विकास योजना के मूल्यांकन विषय पर वक्ताओं ने अपनी बात रखी। वक्ताओं ने विकास का मूल्यांकन करने पर जोर दिया। जीबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज प्रयागराज के निदेशक प्रो. बद्रीनारायण ने कहा कि विकास की अवधारणा मूर्त अमूर्त हो सकती है, सभी को परिभाषित करना आवश्यक है।

पीजी के 11 विषयों की दूसरी मेरिट सूची आज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी प्रवेश के11 कोर्स में प्रवेश के लिए दूसरी आवंटन सूची गुरुवार को जारी की जाएगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि एमए जियोग्राफी, हिन्दी, मिडिवल एंड एमआईएच, पॉलीटिकल साइंस, एमएससी अप्लाइड जियोलॉजी, बायोटेक, कंप्यूटर साइंस, जियोलॉजी, फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, एप्लाइड इकोनॉमिक्स कटआफ एलयू की वेबसाइट पर 20 अक्तूबर शाम चार बजे अपलोड होगी।

बीए-बीएससी में च्वाइस फिलिंग परिणाम आया: बीए, बीएससी गणित और बायोलॉजी में प्रवेश के लिए द्वितीय च्वाइस फिलिंग का परिणाम जारी कर दिया गया है। वेबसाइट पर सीट आवंटन देखा जा सकता है।

PIONEER PAGE 3

लविवि बनाएगा स्कूली छात्रों को एक दिन का वैज्ञानिक

लखनऊ। 5 नवंबर को लविवि स्कूली बच्चों को 'एक दिन का वैज्ञानिक' बनायेगा। विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय द्वारा संचालित छात्र केंद्रित कार्यक्रमों के तहत यह कार्य इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज लविवि तथा उत्तर प्रदेश कौंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। वन डे साइंटिस्ट कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय सहित अन्य सरकारी स्कूलों के तकरीबन 200 छात्र शामिल होंगे। विवि के प्रवक्ता प्रो दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के अंदर छुपी वैज्ञानिक प्रतिभा को निखारने के प्रयास के साथ-साथ कोविड जैसे महामारी से भारत जैसे देश को लड़ने के लिए तैयार करने के लिए स्कूली छात्रों को औषधि एवं वैक्सीन के क्षेत्र में रूचि एवं अवसर के लिए प्रेरित करना है। जिससे उत्तर प्रदेश राज्य को खुशहाल एवं स्वस्थ बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम में आईएएस आलोक कुमार, डायरेक्टर जनरल, उत्तर प्रदेश कौंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, प्रकाश बिंदु सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश कौंसिल आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं अनिल यादव, डायरेक्टर, उत्तर प्रदेश कौंसिल आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं अन्य पदाधिकारी भी आमंत्रित किये गए हैं। छात्रों के बीच सीबीएमआर के निदेशक डॉ आलोक धवन उपरोक्त विषय के मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में बायोटेक पार्क के संस्थापक डॉ पीके सेठ एवं डा जीएन सिंह, विशेष अतिथि, औषधि नियंत्रक भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री सलाहकार उत्तर प्रदेश शासन होंगे।

लविवि के 8 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में इंजीनियरिंग संकाय के 8 छात्रों का प्लेसमेंट एयरडिट सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। जिसमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के तीन छात्रों प्रशांत कुमार सिंह, सचिन कुमार एवं साक्षी प्रजापति, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की एक छात्रा साक्षी वर्मा और बीसीए के तीन छात्रों नितेश कुमार झा, नितेश यादव एवं आकर्षी रोहतगी और एमसीए के छात्र आकाश अग्रवाल का चयन सॉफ्टवेयर इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ है। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कंपनी ने छात्रों को अधिकतम 5 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के इंचार्ज प्रो आर एस गुप्ता ने चयनित छात्रों को बधाई दी है।

एलयू: इंजीनियरिंग के आठ छात्रों को प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल प्लेसमेंट ड्राइव में इंजीनियरिंग संकाय के आठ छात्रों को प्लेसमेंट मिला है। जिसमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के तीन छात्र प्रशांत कुमार सिंह, सचिन कुमार एवं साक्षी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की एक छात्रा साक्षी वर्मा और बीसीए के तीन छात्रों नितेश कुमार झा, नितेश यादव एवं आकर्षी रोहतगी आदि शामिल हैं।

i-NEXT PAGE 4

छूटे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार का मौका

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2021-22 के अंतर्गत भौतिक विज्ञान विषय में पीएचडी के लिए छूटे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार का एक और मौका दिया है. साक्षात्कार की सूची में शामिल ऐसे सभी अभ्यर्थियों को 22 अक्टूबर को सुबह 10 बजे संबंधित विभाग में पहुंचना होगा. यह साक्षात्कार पीएचडी फुलटाइम और पार्टटाइम दोनों अभ्यर्थियों के लिए होगा. बुधवार को प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने इसका नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी कर दिया है.

एनसीसी नेवल विंग के लिए आवेदन 31 तक

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को एनसीसी नेवल विंग के लिए आवेदन का नोटिफिकेशन जारी किया है. श्री यूपी नेवल यूनिट एनसीसी में लवि और सहयुक्त महाविद्यालयों से स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं. आनलाइन आवेदन www.nccauto.gov.in और आफलाइन के लिए मोबाइल नंबर 8004749626 पर नाम, क्लास लिखकर भेजना होगा.

एलयू में विकास यात्रा पर हुई संगोष्ठी

LUCKNOW : एलयू के समाज शास्त्र विभाग में बुधवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया. 'विकास यात्रा-भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न, विकास कार्यक्रम' विषय पर हुई संगोष्ठी में मुख्य अतिथि जीबी पंत इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंस प्रयागराज के निदेशक प्रो. बद्री नारायण, प्रो. एसएस पटनायक, प्रो. बीबी मोहनती व अन्य अतिथि उपस्थित रहे. मुख्य अतिथि ने कहा कि विकास की अवधारणा अलग-अलग हो सकती है. विकास इतिहास के साथ ज्ञान का निर्माण भी करता है.

पीजी के पांच विषयों में 22 तक जमा करें फीस

प्रवेश समन्वयक ने जारी किया नोटिफिकेशन

LUCKNOW (19 OCT): एलयू ने पीजी के तीन विषयों में सीट आवंटन जारी कर अभ्यर्थियों को फीस जमा करने का मौका दिया है. एमएससी इन्वायरमेंटल साइंस, एमएससी मालीकुलर ह्यूमन जेनेटिक्स और मास्टर आफ लाइब्रेरी साइंस विषय का सीट आवंटन लागइन पर भेज दिया गया है, जिन्हें सीट मिल गई है, वह 22 अक्टूबर तक फीस जमा कर दें. वहीं, तीन अन्य विषयों मास्टर पब्लिक हेल्थ, मास्टर पब्लिक हेल्थ (कम्युनिटी मेडिसिन) और मास्टर हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन में दूसरी कटआफ के साथ-साथ सीट आवंटन भी जारी किया गया है. सीट पाने वाले अभ्यर्थियों के लिए भी 22 अक्टूबर तक फीस जमा करने का समय सीमा तय की गई है. लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीए (एनईपी), बीएससी बायो और बीएससी मैथ्स में आनलाइन काउंसिलिंग के अंतर्गत द्वितीय च्वाइस फिलिंग के परिणाम गुरुवार को जारी करेगा.

अभिलेख सत्यापन कल से

लखनऊ विश्वविद्यालय के एमएससी कंप्यूटर साइंस में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन 21 व 22 अक्टूबर को होगा. अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल अंक पत्र, प्रमाण पत्र जैसे हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, माइग्रेशन, स्थानांनतरण, जाति प्रमाण पत्र, आय एवं चरित्र प्रमाण पत्र एवं फोटोकापी लेकर सुबह 10 बजे पहुंचना होगा.

अब वैज्ञानिक बनेंगे स्कूली बच्चे

5 को इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में होगा कार्यक्रम

LUCKNOW (19 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में आगामी पांच नवंबर को केंद्रीय विद्यालय एवं सरकारी विद्यालयों के 200 से अधिक छात्रों के लिए वन डे साइंटिस्ट कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. इसमें एक दिन के लिए छात्रों को वैज्ञानिक बनाया जाएगा. कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभाग को निखारना और उन्हें औषधि एवं वैक्सीन के क्षेत्र में रूचि एवं अवसर के लिए प्रेरित करना है.

वीसी करेंगे अध्यक्षता

संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोक कुमार राय करेंगे. इसमें उप्र काउंसिल आफ साइंस एंड टेक्नोलाजी के डीजी आलोक कुमार, सचिव प्रकाश बिंदु, सेंटर आफ बायोमेडिकल रिसर्च के निदेशक डा.आलोक धवन सहित अन्य प्रमुख अतिथि उपस्थित रहेंगे. छात्रों को ड्रग डिजाइन एंड सिंथेसिस, हर्बल ड्रग डिस्कवरी एंड स्टैंडरडाइजेशन, ड्रग फॉर्मुलेशन, डेवलपमेंट एंड क्वालिटी कंट्रोल एवं ड्रग के मैकेनिज्म, एक्शन की जानकारी दी जाएगी. छात्र औषधियों की सिंथेसिस प्रयोगशाला में करने के साथ ही इनका शुद्धिकरण तथा गुणवत्ता की जांच विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से स्वयं करेंगे. असली एवं नकली औषधियों की परख भी जान सकेंगे. कंप्यूटर के माध्यम से छात्र स्वयं औषधियां देकर उनका प्रभाव विभिन्न अंगों पर देखेंगे.

मारपीट के मामले में स्टूडेंट निलंबित

लखनऊ विश्वविद्यालय के पुराने कैंपस में बीते 12 अक्टूबर को गेट नंबर एक के पास एमए के छात्र को पीटने के मामले में एमए एमआइएच चौथे सेमेस्टर के छात्र राज सिंह को निलंबित कर दिया. साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश भी प्रतिबंधित कर दिया गया है. चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि छात्र को तीन दिन में अपना स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है. जवाब न आने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी. बीते 12 अक्टूबर को अतुल यादव, उत्कर्ष सिंह, रजत सिंह ने एमएसडब्ल्यू द्वितीय सेमेस्टर के छात्र प्रतीक बाजपेयी को जमकर पीटा था, जिससे उसका सिर फट गया था.

टेक्सटाइल कोर्स चलाने की मंजूरी

LUCKNOW (19 OCT): लखनऊ विश्वविद्यालय ने कला एवं शिल्प महाविद्यालय में मास्टर्स डिग्री के तौर पर परास्नातक में टेक्सटाइल पाठ्यक्रम शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. शैक्षिक सत्र 2023-24 से सेल्फ फाइनेंस मोड में यह कोर्स शुरू होगा. बीते दिनों विद्या परिषद से इसे हरी झंडी मिल गई है. कला एवं शिल्प महाविद्यालय के प्राचार्य एवं डीन प्रो. रतन कुमार ने बताया कि वर्तमान में बैचलर आफ फाइन आर्ट (बीएफए) इन टेक्सटाइल कोर्स संचालित है. अब इसे पीजी में भी चलाया जाएगा. सेल्फ फाइनेंस मोड पर शुरू होने वाले इस कोर्स में सालाना फीस 38,560 रुपये होगी. वहीं, प्रति सेमेस्टर करीब 19 हजार रुपये के आसपास है. इस कोर्स में छात्र-छात्राएं कपड़ों पर बनने वाली नई डिजाइन सीखेंगे. इसके अलावा महाविद्यालय में डिपार्टमेंट आफ क्राफ्ट एंड डिजाइन के रूप में विकसित करने को भी मंजूरी मिल गई है.

JAGRAN CITY PAGE I & III

लवि सिखाएगा क्लासरूम टीचिंग की नई तकनीक

अखिल सक्सेना ● लखनऊ

- शिक्षा शास्त्र विभाग ने तैयार किया 'डिप्लोमा इन क्लासरूम टीचिंग' कोर्स
- आगामी विभाग की आफ स्टडीज की बैठक में प्रस्ताव पर होगी चर्चा

लखनऊ विश्वविद्यालय अब बीएड कर चुके विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए डिप्लोमा इन क्लासरूम टीचिंग कोर्स की शुरुआत करेगा। इसमें आफलाइन के साथ-साथ आनलाइन पढ़ाने की नई-नई तकनीक सिखाई जाएगी। खास बात यह है कि इस कोर्स में प्राइमरी स्कूल से लेकर डिग्री कालेजों तक के शिक्षक भी प्रवेश ले सकेंगे, ताकि वह बच्चों को पढ़ाने के लिए नए तरीके जान सकें। विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग ने इसका कोर्स लगभग तैयार है। आगामी बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में इसे मंजूरी के लिए रखा जाएगा। वहां से सहमति के बाद फैकल्टी बोर्ड और फिर एकेडमिक काउंसिल से पास कराकर शुरू होगा।

लवि के शिक्षा शास्त्र संकाय की अधिष्ठाता प्रोफेसर तृप्ता त्रिवेदी ने बताया कि दरअसल, कोविड की वजह से पिछले दो साल से पढ़ने-पढ़ाने का तरीका बदलना है। हालांकि अभी पुराने शिक्षक नई तकनीक से दूर हैं। ऐसे में बीएड विद्यार्थियों, प्राइमरी से लेकर डिग्री कालेजों के शिक्षकों को पढ़ाने की नई तकनीक सिखाने के लिए डिप्लोमा इन क्लासरूम टीचिंग कोर्स शुरू किया जाएगा। इसमें ई-कंटेंट तैयार करने, आडियो बनाकर स्क्रिप्ट राइटिंग, पीपीटी माध्यम, फ्लिप्ड क्लासरूम टीचिंग माडल, हाइब्रिड सहित कई तकनीक शामिल करेंगे।

विश्वविद्यालय के साथ डिग्री कालेज में भी चलेगाः पायलट प्रोजेक्ट के तहत पहले डिप्लोमा इन क्लासरूम टीचिंग कोर्स की शुरुआत लवि के शिक्षा शास्त्र विभाग में होगी। उसके बाद इसे राजकीय महिला महाविद्यालय मिश्रिख सीतापुर में भी शुरू किया जाएगा।

लीडरशिप के लिए शुरू होगा कोर्स

अधिष्ठाता प्रो. तृप्ता त्रिवेदी ने बताया कि पहली बार विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट कोर्स इन एजुकेशनल गाइडेंस एंड काउंसिलिंग व डिप्लोमा इन स्कूल लीडरशिप एंड मैनेजमेंट शुरू करेगा। पहली बार प्रिंसिपल बनने की ट्रेनिंग से जुड़ा यह कोर्स शुरू किया जाएगा। अभी तक यह कोर्स कहीं नहीं शुरू हुआ है। विश्वविद्यालय के साथ मिश्रिख के डिग्री कालेज में भी यह चलेगा। भवन हस्तांतरित होते ही यह कोर्स शुरू कराया जाएगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय : एक दिन के लिए विज्ञानी बनेंगे स्कूली छात्र

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में आगामी पांच नवंबर को केंद्रीय विद्यालय एवं सरकारी विद्यालयों के 200 से अधिक छात्रों के लिए वन डे साइंटिस्ट कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें एक दिन के लिए छात्रों को वैज्ञानिक बनाया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के अंदर छिपी प्रतिभाग को निखारना व उन्हें औषधि एवं वैक्सीन के क्षेत्र में रूचि एवं अवसर के लिए प्रेरित करना है।

संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोक राय करेंगे। इसमें उप्र काउंसिल आफ साइंस एंड टेक्नोलाजी के डीजी आलोक कुमार, सचिव प्रकाश बिंदु, सेंटर आफ बायोमेडिकल रिसर्च के निदेशक डा.आलोक धवन सहित अन्य प्रमुख अतिथि उपस्थित रहेंगे। ड्रग डिजाइन एंड सिंथेसिस, हर्बल ड्रग डिस्कवरी एंड स्टैंडरडाइजेशन, ड्रग फॉर्मुलेशन, डेवलपमेंट एंड क्वालिटी कंट्रोल एवं ड्रग के मैकेनिज्म, एक्शन की जानकारी दी जाएगी। छात्र औषधियों की सिंथेसिस प्रयोगशाला में करने के साथ ही इनका शुद्धिकरण तथा गुणवत्ता की जांच विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से स्वयं करेंगे। असली एवं नकली औषधियों की परख भी जान सकेंगे। कंप्यूटर के माध्यम से छात्र स्वयं औषधियां देकर उनका प्रभाव विभिन्न अंगों पर देखेंगे।

पांच नवंबर को इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में पांच नवंबर को होगा कार्यक्रम, 200 से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

साक्षात्कार का मौका

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2021-22 के अंतर्गत भौतिक विज्ञान विषय में पीएचडी के लिए छूटे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार का एक और मौका दिया है। साक्षात्कार की सूची में शामिल ऐसे सभी अभ्यर्थियों को 22 अक्टूबर को सुबह 10 बजे संबंधित विभाग में पहुंचना होगा। यह साक्षात्कार पीएचडी फुलटाइम और पार्टटाइम दोनों अभ्यर्थियों के लिए होगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी कर दिया है। (जासं)

आठ का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में आठ विद्यार्थियों का प्लेसमेंट एयरडिट साफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हुआ है। इसमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के छात्र प्रशांत सिंह, सचिन, साक्षी प्रजापति, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन की छात्रा साक्षी वर्मा, बीसीए के छात्र नितेश झा, नितेश यादव, आकर्षी रोहतगी और एमसीए के छात्र आकाश अग्रवाल का चयन साफ्टवेयर इंजीनियर ट्रेनी पर हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कंपनी ने प्रत्येक छात्र को अधिकतम पांच लाख प्रतिवर्ष का पैकेज आफर किया है। (जासं)

पीजी में टेक्सटाइल कोर्स चलाने की मिली मंजूरी

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने कला एवं शिल्प महाविद्यालय में मास्टर्स डिग्री के तौर पर परास्नातक में टेक्सटाइल पाठ्यक्रम शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। शैक्षिक सत्र 2023-24 से सेल्फ फाइनेंस मोड में यह कोर्स शुरू होगा। बीते दिनों विद्या परिषद से इसे हरी झंडी मिल गई है।

कला एवं शिल्प महाविद्यालय के प्राचार्य एवं डीन प्रो. रतन कुमार ने बताया कि वर्तमान में बैचलर आफ फाइन आर्ट इन टेक्सटाइल कोर्स संचालित है। अब इसे पीजी में भी चलाया जाएगा। सेल्फ फाइनेंस मोड पर शुरू होने वाले इस कोर्स में सालाना फीस 38,560 रुपये होगी। वहीं, प्रति सेमेस्टर करीब 19 हजार रुपये के आसपास है। इस कोर्स में विद्यार्थी कपड़ों पर बनने वाली नई डिजाइन सीखेंगे।

विकास यात्रा पर संगोष्ठी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग में बुधवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 'विकास यात्रा-भारत सरकार द्वारा चलायी जारही विभिन्न, विकास कार्यक्रम' विषय पर हुई संगोष्ठी में मुख्य अतिथि जीबी पंत इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंस प्रयागराज के निदेशक प्रो. बद्री नारायण, प्रो. एसएस पटनायक, प्रो. बीबी मोहनती व अन्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि विकास की अवधारणा अलग-अलग हो सकती है। इसमें विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभाएंगे। कोआर्डिनेटर प्रो. डीआर साहू ने सभी का धन्यवाद दिया। (जासं)

AMRIT VICHAR PAGE 4

200 छात्र बनेंगे एक दिन के वैज्ञानिक

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। केंद्रीय और सरकारी स्कूलों के 200 विद्यार्थियों को लखनऊ विश्वविद्यालय पांच नवंबर को एक दिन का वैज्ञानिक बनाएगा। विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज और यूपी कौंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी संयुक्त रूप से 5 नवंबर को 'वन डे साइंटिस्ट' कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मुताबिक इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के अंदर छुपी वैज्ञानिक प्रतिभा को निखारने के अलावा कोविड-19 जैसे महामारी से लड़ने के लिए स्कूली छात्रों को औषधि व वैक्सीन के क्षेत्र में अवसर के लिए प्रेरित करना है। सभी छात्रों को ड्रग डिजाइन एंड सिंथेसिस, हर्बल ड्रग डिस्कवरी एंड स्टैंडरडाइजेशन, ड्रग फॉर्मुलेशन, डेवलपमेंट एंड क्वालिटी कंट्रोल व ड्रग के मैकेनिज्म, एक्शन की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि एस्प्रिन व पेरासिटामोल दवाइयां आमतौर पर दर्दनिवारक के रूप में और बुखार को कम करने में इस्तेमाल में लाई जाती हैं। छात्र इन औषधियों की सिंथेसिस प्रयोगशाला में करने के साथ ही इनका शुद्धिकरण और गुणवत्ता की जांच विभिन्न तरीकों से सीखेंगे।

इस कार्यक्रम में यूपी कौंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर जनरल आलोक कुमार, यूपी कौंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सेक्रेटरी प्रकाश बिंदु और यूपी कौंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी डायरेक्टरअनिल यादव के अलावा कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, सीडीआरआई के पूर्व निदेशक और सीबीएमआर के निदेशक डॉ. आलोक धवन मुख्य वक्ता के तौर पर छात्रों के बीच रहेंगे। कार्यक्रम में बायोटेक पार्क के संस्थापक डॉ. पीके सेठ और डॉ. जीएन सिंह, के अलावा औषधि नियंत्रक भारत सरकार और यूपी मुख्यमंत्री सलाहकार रहेंगे।

पहल

- विद्यार्थियों के भीतर छिपी वैज्ञानिक प्रतिभा को निखारेगा लखनऊ विश्वविद्यालय

आरोपी छात्र के विवि परिसर में प्रवेश पर लगी रोक

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने एमए एमआईएच के चौथे सेमेस्टर के छात्र राज सिंह के विवि परिसर में प्रवेश पर रोक लगा दी है। छात्र पर आरोप है कि 12 अक्टूबर को एलयू स्थित एसबीआई एटीएम के पास विवि के छात्र प्रतीक बाजपेयी (एमएसडब्ल्यू सेकंड सेमेस्टर) के सिर पर ईंट से प्रहार कर सिर फोड़कर उसे लहूलुहान कर दिया था। इस हमले में राज सिंह ने बाहरी लोगों की भी मदद ली थी।

बता दें कि 12 अक्टूबर को एलयू के छात्र राज सिंह ने विवि के बाहरी साथियों अतुल यादव, उत्कर्ष सिंह, रजत सिंह व अन्य दो साथियों के साथ मिलकर प्रतीक बाजपेयी को लहूलुहान किया था। प्रतीक की तहरीर पर पुलिस ने राज और उसके बाहरी साथियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कर लिया है। प्रतीक ने मामले की जानकारी 12 अक्टूबर को ही एलयू प्रॉक्टोरियल बोर्ड को भी दी थी, जिस पर छानबीन करने के बाद बुधवार को राज सिंह पर विवि में आने पर प्रतिबंध लगाने के साथ स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

प्रॉक्टोरियल बोर्ड की तरफ से जारी निर्देश में राज सिंह को इस घटना के सिलसिले में तीन दिन में लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा है। चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर राकेश द्विवेदी ने बताया कि छात्र राज सिंह को कुलानुशासक कार्यालय में खुद आकर स्पष्टीकरण देना होगा।

प्रकरण

- छात्र पर ईंट से हमला करने का आरोप

पीजी के 9 कोर्स की सीटों का हुआ आवंटन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी दाखिला 2022-23 के तहत नौ पाठ्यक्रमों की मेरिट और च्वाइस के आधार पर सीट अलॉटमेंट कर दिया गया है। इनमें एजुकेशन, अंग्रेजी, होम साइंस, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, सोशियोलॉजी, एलएलबी, एमकॉम (कॉमर्स), वनस्पति विज्ञान, माइक्रो बॉयोलॉजी और इकोनॉमिक्स शामिल हैं। एडमीशन कोऑर्डिनेटर पंकज माथुर ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों की सीट तय हो गई है, उनकी लॉगिन आईडी पर दर्शाई जा रही फीस जमा करके सीट लॉक करा लें। अपग्रेशन के साथ यदि आवंटित महाविद्यालय की सीट को लॉक करना है तभी फीस जमा करें। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के लिए जमा की गई सीट कनफर्मेशन फीस किसी भी स्थिति में वापस नहीं होगी।

TOI PAGE 2

How scientists work: LU event to showcase

Times News Network

Lucknow: Lucknow University will conduct 'scientist for a day' — an event aimed at developing scientific temper among school students — on its campus on November 5.

LU's Institute of Pharmaceutical Sciences and UP Council of Science and Technology together will help over 200 students of Kendriya Vidyalayas and other government schools learn the basics of drug discovery and drug development.

The students will also get an exposure to hi-tech pharmaceutical laboratories.

"The purpose of the event is to develop scientific temper and give the students a practical experience of how a scientist works. Also, we will make students aware of the opportunities in the field of medicine. From drug design to drug synthesis, the students will get hands-on experience in LU's pharmaceutical sciences laboratories," said vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.

He said that all the students will be given information about drug design and synthesis, herbal drug discovery and standardization, drug formulation, development and quality control and mechanism of drug action.

Students will be told about the uses of medicines like aspirin and paracetamol which are commonly used as pain relievers and to reduce fever. Director general of UP Council of Science and Technology (UPCST), Alok Kumar, secretary UPCST Prakash Bindu and director, UPCST Anil Yadav, former director of CDRI and the present director, CBMR Alok Dhawan will be the keynote speakers.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 5

लविवि के आठ छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में इंजीनियरिंग संकाय के आठ छात्रों का प्लेसमेंट एयरडिट सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में हुआ। जिसमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के तीन छात्रों प्रशांत कुमार सिंह, सचिन कुमार एवं साक्षी प्रजापति, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की एक छात्रा साक्षी वर्मा और बीसीए के तीन छात्रों नितेश कुमार झा, नितेश यादव एवं आकर्षी रोहतगी और एमसीए के छात्र आकाश अग्रवाल का चयन सॉफ्टवेयर इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कंपनी ने छात्रों को अधिकतम पांच लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया हैं।

छात्रों की आंतरिक प्रतिभा को निखारेगा लविवि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की ओर से चलाये जा रहे छात्र केंद्रित कार्यक्रमों के तहत इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज और उत्तर प्रदेश कौंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने संयुक्त रूप से 5 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम मे केंद्रीय विद्यालय एवं सरकारी विद्यालयों के 200 से अधिक छात्रों को वन डे साइंटिस्ट कार्यक्रम के तहत एक दिन के लिए वैज्ञानिक बनाया जायेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के अंदर छुपी वैज्ञानिक प्रतिभा को निखारने के प्रयास के साथ-साथ कोविद जैसी महामारी से भारत जैसे देश को लड़ने के लिए तैयार करने के लिए स्कूली छात्रों को औषधि एवं वैक्सीन के क्षेत्र में रूचि एवं अवसर के लिए प्रेरित करना है राज्य को खुशहाल एवं स्वस्थ बनाया जा सकेगा। यह कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय अध्यक्षता में संपन्न किया जायेगा।

TARUNMITRA PAGE 2

लविवि के 8 छात्रों का हुआ परिसर प्लेसमेंट

लखनऊ, 19 अक्टूबर (तरुणमित्र)। लखनऊ विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में इंजीनियरिंग संकाय के 8 छात्रों का प्लेसमेंट एयरडिट सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में हुआ। जिसमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के तीन छात्रों प्रशांत कुमार सिंह, सचिन कुमार एवं साक्षी प्रजापति, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की एक छात्रा साक्षी वर्मा और बीसीए के तीन छात्रों नितेश कुमार झा, नितेश यादव एवं आकर्पी रोहतगी और एमसीए के छात्र आकाश अग्रवाल का चयन सॉफ्टवेयर इंजीनियर ट्रेनी के पद पर हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ.हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कंपनी ने छात्रों को अधिकतम 5 लाख प्रति वर्ष का पैकेज ऑफर किया हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के इंचार्ज प्रो. आर.एस.गुप्ता ने चयनित छात्रों को बधाई दी।